# यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने क्यूएस एशिया रैंकिंग में बनाई जगह

जागरण संवाददाता, देहरादून: यूपीईएस यूनिवर्सिटी ने क्यूएस एशिया रैंकिंग-2025 में जगह बनाई है। विवि प्रशासन ने दावा किया कि इस रैंकिंग के बाद यूपीईएस एशिया का दूसरा सबसे बेहतर निजी विवि है। यूपीईएस ने पिछले बार की रैंकिंग में 70 पायदान की छलांग लगाकर एशिया में आल विश्वविद्यालय में 148वां स्थान हासिल किया है। यूपीईएस दक्षिण एशिया रैंकिंग में भी 21वें स्थान पर पहुंच गया है और भारत में 12वें और निजी विश्वविद्यालयों में दूसरे स्थान पर है। यह यूपीईएस की शैक्षिक गुणवत्ता के प्रति विवि की प्रतिबद्धता और उच्च शिक्षा में इसके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

विवि ने बताया कि रैंकिंग में इस वर्ष की वृद्धि यूपीईएस के क्यूएस (क्वाक्वेरेली साइमंड्स) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग- 2025 के नौ परफोरमेंस इंटीकेटर्स में सुधार के कारण हुई। इस वर्ष जोड़े गए दो नए परफोरमेंस इंटीकेटर्स यूपीईइएस के सहयोगात्मक और सहायक अकादमिक वातावरण बनाने के लिए किए गए ठोस प्रयासों को दर्शाता है जो फैकल्टी छात्र अनुभव को बढ़ाता है।